श्री सुरभ्यै नमः

पंजीयन क्रं. - 122202431798

# छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति

गुरु गोविंद सिंह नगर, पंडरी, रायपुर (छ.ग.)

Website - https://gausevacg.org Email - gausevacg@gmail.com

दिनांक 09-01-2026

## गौ विज्ञान परीक्षा 2025 संबंधी आवश्यक निर्देश

1. परीक्षा तीन श्रेणी में होगी

| | | |
|---|---|---|
| श्रेणी A | – | कक्षा 6 से 8 तक |
| श्रेणी B | – | कक्षा 9 से 12 तक |
| श्रेणी C | – | महाविद्यालय स्तर |

2. सभी श्रेणी के परीक्षार्थियों को पृथक–पृथक पुरस्कार दिया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| **(A)** प्रांत स्तर पर – | प्रथम – | 51,000 नगद एवं गौ उत्पाद किट |
| | द्वितीय – | 31,000 नगद एवं गौ उत्पाद किट |
| | तृतीय – | 11,000 नगद एवं गौ उत्पाद किट |
| **(B)** जिला स्तर पर– | प्रथम – | 3100 नगद एवं गौ उत्पाद किट |
| | द्वितीय – | 2100 नगद एवं गौ उत्पाद किट |
| | तृतीय – | 1100 नगद एवं गौ उत्पाद किट |

**(C)** विद्यालय/महाविद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को आकर्षक पंचगव्य उत्पाद किट पुरस्कार के रूप में प्रदान किया जाएगा।

3. सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा।
4. सभी परीक्षार्थियों को अध्ययन हेतु *गौ विज्ञान ग्रन्थ* प्रदान किया जाएगा।
5. एक ही पुरस्कार के लिये 2 या अधिक विजेता के चयनित होने पर ड्रॉ के माध्यम से एक विजेता का चयन किया जायेगा। संस्था स्तर पर इसका निर्धारण गौ विज्ञान परीक्षा प्रमुख करें। जिला/प्रदेश स्तर पर इसका निर्धारण संस्था के जिला/प्रदेश गौ विज्ञान परीक्षा प्रमुख करेंगे।

6. गौ विज्ञान परीक्षा में सहभागी सभी संस्था को स्मृति चिन्ह एवं सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।
7. सभी संस्था के गौ विज्ञान परीक्षा प्रभारी शिक्षक/शिक्षिका को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।
8. परीक्षा हेतु सभी परीक्षार्थियों से निम्नानुसार गौ सेवा सहयोग राशी लेना है–

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Group A** | – कक्षा 6 से 8 | – | 50/– |
| **Group B** | – कक्षा 9 से 12 | – | 70/– |
| **Group C** | – महाविद्यालय स्तर | – | 100/– |

9. संस्था सम्पूर्ण पंजीयन राशी एकत्र कर उस राशी में से **Group A** एवं **Group B** में रू. 5/– प्रति विद्यार्थी तथा **Group C** में रू. 10/– प्रति विद्यार्थी अपने पास रखकर शेष राशी को आयोजन समिति के खाते में **RTGS** करेगी। ये राशी संस्था को उसके परीक्षा व्यय हेतु प्रदान किया गया है। राशी भेजने के बाद उसका स्क्रीनशॉट पोर्टल में अपलोड करेगें। साथ ही **E-receipt** भी अवश्य प्राप्त करेंगे। राशी प्राप्त होने के बाद ही उतनी संख्या में गौ विज्ञान ग्रन्थ भेजा जाएगा। संस्था के पास बचत राशी से वो परीक्षा संपादन हेतु आवश्यक व्यय कर सकते है।
10. परीक्षा तीन चरणों में होगी। प्रथम चरण की परीक्षा 19 जनवरी 2026 सोमवार को संबंधित विद्यालय/महाविद्यालय में ही होगी। परीक्षा का समय दोपहर 01:00 बजे रहेगा। परीक्षार्थी को आधा घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र आना आवश्यक है। विद्यालय/महाविद्यालय के प्राचार्य ही केन्द्राध्यक्ष रहेंगे। किसी एक ग्रुप में न्यूनतम 50 परीक्षार्थी होने पर ही संस्था को परीक्षा केन्द्र माना जाएगा। कम संख्या में पंजीयन होने पर परीक्षा तो संबंधित संस्था में ही होगी मगर पुरस्कार हेतु तीन बच्चों का चयन होने के स्थान पर संख्यानुसार पात्रता होगी। यथा 25 से कम होने पर संस्था स्तर पर सिर्फ एक बच्चे को ही पुरस्कार देय होगा, उसी प्रकार 25 से 49 की संख्या होने पर दो बच्चो को पुरस्कार दिया जाएगा तथा इसी अनुसार पुरस्कृत बच्चे ही द्वितीय चरण की परीक्षा में भाग लेने पात्र होंगे।
11. प्रश्न पत्र वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे। **Group A** में 50 प्रश्न होंगे तथा 50 अंक होगा। इसी प्रकार **Group B** में 75 प्रश्न होंगे तथा 75 अंको की परीक्षा होगी। दोनो ग्रुप में 1:30 घंटे की परीक्षा होगी। **Group C** में 100 प्रश्न 100 अंको के होंगे तथा समयावधि 2 घंटे की रहेगी। सभी ग्रुप में लिखित परीक्षा के अंको के अलावा अधिकतम 10 अंक शाक वाटिका के आधार पर भी प्रदान किया जाना है।

12. केन्द्र के गौ विज्ञान परीक्षा प्रभारी ही अन्य शिक्षक–शिक्षिकाओं से सहयोग लेकर उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन करेंगे तथा *21 जनवरी 2026 तक परीक्षा परिणाम* की घोषणा कर प्रत्येक श्रेणी के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त परीक्षार्थी की सूचि द्वितीय चरण की परीक्षा के लिये जिला परीक्षा प्रमुख को प्रेषित करेंगे एवं **Online Portal** में अपलोड भी करेंगे। प्रश्नपत्रों के सही उत्तर 19 जनवरी शाम 4 बजे पोर्टल में **upload** कर दिये जाएंगे। आप वहॉ से डाउनलोड कर सकते हैं।
13. प्रथम चरण की परीक्षा सामग्री – प्रश्न पत्र, **OMR Sheet** एवं प्रमाण पत्र सभी संस्थाएं अपने ब्लॉक केन्द्र से 16 एवं 17 जनवरी को प्राप्त कर लेंगे। इस हेतु आप अपने जिला/ब्लॉक नोडल से संपर्क कर सकते हैं।
14. द्वितीय चरण की परीक्षा में सिर्फ प्रथम चरण की परीक्षा में चयनित परीक्षार्थी ही पात्र होंगे। परीक्षा आपके जिला केन्द्र में होगी। परीक्षा तिथि 08 फरवरी 2026 रविवार है। इसकी विस्तृत सूचना जिला परीक्षा प्रमुख सभी को प्रदान करेंगे।
15. द्वितीय चरण के परीक्षा परिणाम की घोषणा 9 फरवरी को सायं 4 बजे की जाएगी। वेबसाइट में आप रिजल्ट का अवलोकन कर सकते है।
16. द्वितीय चरण की परीक्षा का समय प्रातः 10 से 12 बजे तक रहेगा। परीक्षार्थी आधा घंटा पूर्व परीक्षा स्थल पहुॅच जाए। 12:30 से 2:30 बजे तक गौ सेवा संगम का कार्यक्रम आयोजित होगा। परीक्षार्थी को पूरे समय कार्यक्रम में रहना है। इसी दिन महाविद्यालय/विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले विद्यार्थियों के पुरस्कारों का वितरण भी किया जावेगा। परीक्षार्थी अपने पालक अथवा शिक्षक के साथ आए। सभी के लिए प्रसादी व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम की विस्तृत सूचना पृथक से दी जाएगी।
17. तृतीय चरण की परीक्षा एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम रायपुर में अप्रैल माह में आयोजित गौ सेवा संगम के कार्यक्रम में होगा। विस्तृत सूचना पृथक से दी जाएगी।
18. सभी विद्यार्थी अपने–अपने घरों में किचन गार्डन का निर्माण करे इस हेतु सभी गौ विज्ञान परीक्षा प्रभारी बच्चों को प्रशिक्षण एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करें।
19. परीक्षा में प्रतिभागी समस्त विद्यार्थियों को किचन गार्डन का भी प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है तथा उन्हे अपने घर में किचन गार्डन निर्माण हेतु प्रोत्साहित किया जाना है। जिन प्रतिभागियों द्वारा अपने घर में किचन गार्डन का निर्माण किया जाता है उन्हे प्रथम चरण की परीक्षा में अधिकतम 10 (शून्य से 10 तक) बोनस अंक प्रदान करना है।

20. किचन गार्डन का आंकलन संस्था के गौ विज्ञान परीक्षा प्रभारी ही करेंगे। जो बच्चे इसमें सहभागी नही होंगे उन्हे कोई बोनस अंक प्रदान नही किया जाएगा। बच्चो द्वारा निर्मित शाक वाटिका का निरीक्षण संस्था के गौ विज्ञान परीक्षा प्रभारी शिक्षक द्वारा स्वयं जाकर अथवा उसका विडियो या फोटो देखकर करेंगे। विडियो/ फोटो में संबंधित विद्यार्थी का दिखना आवश्यक है। द्वितीय चरण की परीक्षा में सहभागी होने वाले सभी विद्यार्थियों का फोटो/विडियो जिला गौ विज्ञान परीक्षा प्रमुख हो प्रेषित करना आवश्यक है।
21. सभी संस्थाओं के लिये विशेष प्रतियोगिता आयोजित की गई है। जो संस्था अपने छत या बाड़ी में किचन गार्डन का निर्माण करती है, उनके मध्य प्रतियोगिता आयोजित कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली संस्था को जिला स्तर पर आकर्षक स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।
22. ऐसी संस्था के किचन गार्डन का निरीक्षण 1 फरवरी से 05 फरवरी के मध्य जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जाएगा।
23. आपकी संस्था में अध्ययनरत बच्चे गौ सेवा दल का निर्माण करें एवं उनके माध्यम से कोई गोवंश सड़क पर न रहे, घायल गोवंश की सेवा कर सकें इस प्रकार का प्रयास हो। **NCC/NSS/** स्काउट गाईड के बच्चो को विशेष रूप से जोड़ा जाना चाहिये। जिन संस्थाओं में इस प्रकार के दल का गठन होगा उसकी सम्पूर्ण जानकारी जिला गौ विज्ञान परीक्षा प्रमुख को प्रदान करें। ऐसे संस्था एवं गौसेवा दल के बच्चो का जिला स्तरीय कार्यक्रम में विशेष अभिनंदन किया जाएगा।
24. संस्था की वेबसाइट **www.gausevacg.org** है। सभी बच्चो का पंजीयन विवरण, रिजल्ट आदि की एंट्री इसी में होगी तथा शुल्क भी इसी के माध्यम से जमा होगा। **Online** एंट्री सिर्फ संस्था के गौ विज्ञान परीक्षा प्रभारी ही कर सकेंगे। विद्यार्थी स्वयं से इसमें कोई एंट्री नही कर सकेंगे। वेबसाइट के माध्यम से सदैव आवश्यक सूचना आपको प्रदान की जाती रहेगी अतः वेबसाइट का नियमित अवलोकन करते रहें। संस्था की **Email ID** **gausevacg@gmail.com** है। आप पत्राचार इस **mail** में कर सकते हैं।
25. किन्ही विशेष परिस्थितियों में तिथियों में परिवर्तन हो सकता है जिसकी विधिवत सूचना आपको समय पूर्व दी जाएगी।
26. किसी भी प्रकार के वाद विवाद होने की स्थिति में परीक्षा आयोजन समिति का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

श्री सुरभ्यै नमः

पंजीयन क्रं. - 122202431798

छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति

गुरु गोविंद सिंह नगर, पंडरी, रायपुर (छ.ग.)

Website - https://gausevacg.org Email - gausevacg@gmail.com

दिनांक..................

# 19 जनवरी 2026 प्रथम चरण परीक्षा की कार्ययोजना

इस दिवस को ''गौ सेवा संकल्प दिवस'' के रूप में मनाना है। इस दिन परीक्षा के साथ–साथ एक संक्षिप्त कार्यक्रम प्रत्येक संस्था में हो ऐसा आग्रह है। कार्यक्रम में संस्था के जनभागिदारी समिति के अध्यक्ष, प्राचार्य, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, संत आदि को अतिथि के रूप में बुलाया जाना चाहिये। किसी एक के माध्यम से ''गौवंश से ही होगा पंच परिवर्तन'' विषय पर संक्षिप्त उद्बबोधन कराएं। उद्बबोधन पश्चात संकल्प, **''श्री सुरभ्यै नमः मंत्र''** का 108 बार जप, हवन इत्यादि करके बच्चो को प्रतिज्ञा कराएं । पश्चात गौ विज्ञान परीक्षा की प्रक्रिया पूर्ण करें।

इस प्रकार 2 से 2:30 घंटे का एक कार्यक्रम जैसा आयोजन परीक्षा के दौरान प्रत्येक संस्था में हो ऐसा सादर निवेदन है। कार्यक्रम की प्रेस विज्ञप्ति भी आप जारी कर सकते हैं तथा विडियो/फोटो सोशल मिडिया प्लेटफार्म पर भी जारी करना चाहिये। कार्यक्रम दिवस का विस्तृत विवरण पृथक से भेजा जाएगा।

आप सभी का सहयोग ही गौसेवा के इस अभियान को सार्थक करेगा।

सुबोध राठी<br>
प्रांत गौ विज्ञान<br>
परीक्षा प्रमुख